पंचायत एवं समाज का दैनिक हिन्दी अखबार
RNI Reg. - CHHHIN/2021/82382
# पृथक छत्तीसगढ़
जांजगीर-चाम्पा जिले से प्रकाशित
सच के साथ हमेशा
No 1 अखबार
Chhattisgarh
वर्ष-4 अंक-49 / बुधवार 18 सितम्बर 2024 / पृष्ठ-4 मूल्य-1 रुपए / prithakchhattisgarh@gmail.com

## पहला कॉलम

### .यूपी के 20 जिलों में बाढ़, 2000 मंदिर डूबे, सड़कों पर हो रहे मृतकों के अंतिम संस्कार

**लखनऊ।** यूपी के 20 जिलों में बाढ़ के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण यूपी में नदियां उफान पर हैं। गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा का जलस्तर बढ़ने से 20 जिलों के 400 से ज्यादा गांवों में बाढ़ आ गई। वहीं काशी में करीब 2000 मंदिर डूब गए है। बाढ़ के कारण श्मशान घाट में पानी आ चुका है। जिस कारण प्रयागराज में सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा। वाराणसी में घाट किनारे बसी कॉलोनियों में पानी भर गया। लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा रहे। अब तक 25000 लोग जा चुके हैं। 85 घाट और 2000 छोटे-बड़े मंदिर गंगा में डूब गए। बस्ती में सरयू में बाढ़ के चलते एक मकान नदी में समा गया। झांसी में सरकारी गोदाम के अंदर बारिश का पानी भरने से 5 करोड़ रुपए का अनाज सड़ गया। पीलीभीत में पानी के तेज बहाव में बाइक सवार 2 युवक बह गए।

### पत्नी का सिर धड़ से किया अलग फिर किया ये काम, देखने वालों की कांप उठी रूह

**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक पति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी और फिर उसका कटा हुआ सिर लेकर थाने पहुंच गया। इस घटना से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, श्रीनगर थाना क्षेत्र के पोखरिया टोला वार्ड संख्या 2 में रहने वाले अर्जुन शर्मा (37) ने अपनी पत्नी पूजा देवी (35) की हत्या धारदार हथियार से कर दी। हत्या का कारण बताया जा रहा है कि आरोपी को अपनी पत्नी पर किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध होने का शक था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी का सिर थाने में ही सौंपना चाहता था। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी हाथ में एक झोला लेकर थाने की ओर आ रहा था। झोले से खून टपक रहा था।

### हरियाणा की राजनीति में भूचाल: सिरसा में भाजपा प्रत्याशी ने उम्मीदवारी से नाम वापस लिया

**सिरसा।** हरियाणा की राजनीति में सोमवार को उस समय नया मोड़ आ गया, जब सिरसा में भाजपा के प्रत्याशी रोहताश जांगड़ा ने नामांकन वापस लेने का फैसला कर लिया और निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पहुंचकर नाम वापस ले लिया। इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल भाजपा के भीतर हलचल मचा दी है, बल्कि जांगड़ा के समर्थन में और खिलाफ भी प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि रोहिताश्व जांगड़ा ने यह कदम पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के इशारे पर उठाया है। भाजपा के मैदान से हटने के बाद अब यहां हलोपा के प्रत्याशी गोपाल कांडा की स्थिति मजबूत हो गई है। क्योंकि अब यहां सीधी टक्कर होगी। कांग्रेस ने यहां से पूर्व विधायक और प्रभावशाली नेता लक्ष्मण दास अरोड़ा के नाती गोकुल सेतिया को टिकट दिया है।

---

अरविंद केजरीवाल ने सीएम पद से दिया इस्तीफा

# आतिशी होंगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री नई सरकार बनाने का दावा पेश की..

नई दिल्ली/एजेंसी।

अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार शाम करीब 4.45 बजे उप राज्यपाल विनय सक्सेना को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया। उनके साथ आतिशी समेत सभी मंत्री मौजूद रहे। दिल्ली सरकार ने 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया है। इससे पहले आतिशी मार्लेना को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान किया गया। केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की विधायक दल की बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इस पर विधायकों ने सहमति जताई। दिल्ली के परिवहन मंत्री गोपाल राय ने आतिशी के नाम का ऐलान करते हुए कहा कि हमने विषम परिस्थितियों में यह फैसला लिया है। अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी पर कीचड़ उछाला गया। जनता जब तक उन्हें नहीं चुनती वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। दोपहर एक बजे आतिशी ने मीडिया से बात की और कहा कि 'मैं अपने गुरु अरविंद केजरीवाल जी का धन्यवाद करती हूं। जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। मुझे बधाई मत दीजिएगा, माला मत पहनाइएगा, मेरे लिए, दिल्लीवालों



के लिए दुख की घड़ी है कि चहेते मुख्यमंत्री इस्तीफा देंगे।' बता दें कि 13 सितंबर को शराब नीति केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि 'अब जनता तय करे कि मैं ईमानदार हूं या बेईमान। जनता ने दाग धोया और विधानसभा चुनाव जीता तो फिर से कुर्सी पर बैठूंगा।' आतिशी ने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफकेंद्र सरकार ने दुष्प्रचार किया। फर्जी आरोप लगाए। केंद्र ने अपनी सारी एजेंसीज को उनके पीछे छोड़ दिया। 6 महीने जेल में रखा। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें रिहा किया। कोर्ट ने केंद्र सरकार की तीखी टिप्पणी भी की। कोई और व्यक्ति होता तो वह तुरंत मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ गया होता। केजरीवाल ने कहा कि मैं दिल्ली की जनता का फैसला मानूंगा। ये हमारे लिए दुख का क्षण है। दिल्ली के लोग इस बात का प्रण ले रहे हैं कि अगले चुनाव में वे केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएंगे। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की सलाहकार से लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति में कैबिनेट का प्रमुख चेहरा बनने और सरकार में मनोनीत मुख्यमंत्री तक का सफर आतिशी ने बहुत तेजी से तय किया है जिसे 'अभूतपूर्व और असाधारण' माना जा रहा है.

### आतिशी कठपुतली मुख्यमंत्री होंगी: राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल....



आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को दावा किया कि दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री चुनी गई आप नेता आतिशी एक 'कठपुतली' मुख्यमंत्री होंगी. आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आप आदमी पार्टी (आप) नेता दिलीप पांडे ने कहा कि अगर स्वाति मालीवाल को थोड़ी भी शर्म है तो उन्हें उच्च सदन की सीट छोड़ देनी चाहिए. मंगलवार को विधायक दल की बैठक में आतिशी को सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया. मालीवाल ने कहा, आज दिल्ली के लिए बहुत दुखद दिन है. एक महिला दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं, जिनके परिवार ने आतंकवादी अफजल गुरु को फांसी की सजा से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी थी. उन्होंने आरोप लगाया, उनके (आतिशी) माता-पिता ने भारत के राष्ट्रपति को कई बार दया याचिका भेजी कि अफजल गुरु को फांसी न दी जाए, वह निर्दोष है ।

---

अमेरिकी विज्ञानी ने परमाणु ऊर्जा कानून को चुनौती दी

## चंद्रचूड ने कहा-लाइसेंस निजी पक्षों को देना खतरनाक होगा...



**नई दिल्ली।** एक अमेरिकी भौतिक विज्ञानी की याचिका उच्चतम न्यायालय में खारिज हो गई। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में इस शख्स ने भारतीय परमाणु ऊर्जा कानून के प्रावधानों को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता की अपील खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि परमाणु सामग्री से जुड़े लाइसेंस निजी पक्षों को दिए जाने पर दुरुपयोग का खतरा है। शीर्ष अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि परमाणु का इस्तेमाल बम बनाने जैसी गतिविधियों में भी होता है। गौरतलब है कि याचिकाकर्ता ने परमाणु ऊर्जा कानून के उस प्रावधान को चुनौती दी थी जिसके तहत परमाणु सामग्री का सौदा करने की गतिविधि में निजी पक्षों पर रोक लगाने का नियम है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने इस मामले में कहा कि कानून निजी संस्थाओं को परमाणु ऊर्जा लाइसेंस देने पर रोक लगाता है। अदालत ने साफ किया कि लाइसेंस नीतिगत निर्णय हैं जिनमें अदालतें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। चीफ जस्टिस ने अपनी टिप्पणी में कहा, 'परमाणु सामग्री का इस्तेमाल बन बनाने के लिए किया जा सकता है। इसके दुरुपयोग की आशंका है, इसलिए परमाणु ऊर्जा कानून, 1962 के तहत इस पर प्रतिबंध है। बता दें कि अमेरिका में रहने वाले भौतिक विज्ञानी संदीप टीएस ने इस कानून की धारा 14 की वैधता को चुनौती दी थी। उन्होंने अपनी याचिका में कहा था कि एक निजी फर्म को भी परमाणु ऊर्जा परियोजना का हिस्सा बनने की अनुमति दी गई है। इस दलील पर तीन जजों की पीठ ने कहा, अदालत कार्यपालिका के तर्क में गलतियां नहीं तलाश सकती। कोर्ट यह भी नहीं बता सकता कि संसद से पारित कानून में यह प्रावधान क्यों पेश किया गया।

---

कांग्रेस और उसका इकोसिस्टम इसलिए भड़का

## पीएम मोदी का हमला क्योंकि मैंने गणेश पूजन में भाग लिया....

**भुवनेश्वर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में सुभद्रा योजना के उद्घाटन मौके पर कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है। कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम के लोग इसलिए भड़के हुए हैं, क्योंकि मैंने गणेश पूजन में भाग लिया था। इस दौरान पीएम ने एक आदिवासी परिवार से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि गणेश उत्सव हमारे देश के लिए सिर्फ आस्था का पर्व नहीं है। गणेश उत्सव ने हमारे देश की आजादी में बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। जब सत्ता की भूख में अंग्रेज देश को बांटने में लगे थे, देश को जातियों के नाम पर लड़वाना, समाज में जहर घोलना, बांटो और राज करो उनका हथियार बन गया था। तब लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव के सार्वजनिक आयोजनों के जरिये भारत की आत्मा को जगाया था। ऊंच, नीच, भेद-भाव इन सब से ऊपर उठकर हमारा धर्म हमें जोड़ना सिखाता है। पीएम ने कहा कि मैं एक आदिवासी परिवार के गृह प्रवेश में गया था। उस परिवार को भी पीएम आवास मिला है। आदिवासी बहन ने मुझे खीर खिलाई। जब मैं खीर खा रहा था तो मुझे मां की याद आई। आज एक आदिवासी मां ने खीर खिलाकर जन्मदिन का आशीर्वाद दिया। यह मेरे जीवन की पूंजी है। वंचितों, गरीब, गांव, दलित, आदिवासी समाज के जीवन में आ रहा बदलाव मुझे और मेहनत करने की ऊर्जा देती है। पिछले 10 वर्ष में केवल केंद्र में रहते हुए हमने साबित किया।



### समाज में जहर घोलने वालो से बचने की जरूरत

पीएम ने कहा कि कर्नाटक में तो कांग्रेस सरकार ने भगवान गणेश की प्रतिमा को सलाखों के पीछे डाल दिया। ऐसी नफरत भरी सोच, समाज में जहर घोलने की मानसिकता देश के लिए खतरनाक है। ऐसी ताकतों को आगे नहीं बढ़ने देना है। साथ मिलकर कई मुकाम हासिल करने हैं। देश और ओडिशा को आगे लेकर जाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी देश, कोई भी राज्य तभी आगे बढ़ता है, जब उसके विकास में उसकी आधी आबादी यानी हमारी नारी शक्ति की बराबर भागीदारी होती है।

---

### धौलपुर स्थित ग्लव्स फैक्ट्री पर पुलिस की रेड

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर प्रयागराज पुलिस ने धौलपुर में स्वेअर हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की ग्लव्स बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारकर कंपनी के डायरेक्टर संजीव गौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। संजीव गौड़ के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471 और 120बी भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध संख्या-167/2024 में मामला दर्ज है। गौड़ के साथ इस मामले में अन्य आरोपियों, जिनमें आशुतोष कुमार तिवारी, रंजीत कुमार यादव, पत्नी अराधना गौड़।

---

सीएम साय ने हितग्राहियों के पखारे चरण

## पांच लाख 11 हजार परिवारों के आवास का सपना हुआ पूरा वर्चुअली जुड़े पीएम मोदी....

रायपुर/ संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने जन्म दिन के मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख 11 हजार से अधिक आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त दो हजार 44 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रान्सफर की। मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम राजधानी स्थित रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने आवास निर्माण के लिए चयनित हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि अंतरित करते हुए हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समाज के गरीब और कमजोर तबके के लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही उनकी सरकार का लक्ष्य रहा है। 10 सालों में हमने इस लक्ष्य को हासिल करने में शानदार सफलता अर्जित की हैं। इस मौके पर 23



हजार से अधिक शहरी परिवारों को उनके निर्मित आवासों की चाबी, आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र, द्वार तोरण, पूजा सामग्री प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए दोहरी खुशी लेकर आया है। एक ओर प्रधानमंत्री का जन्मदिन और दूसरी ओर प्रदेश के लाखों लोगों के आवास का सपने साकार हो रहा हैं। इसके लिए हम प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।



वाराणसी में बाढ़ के कारण गंगा के पानी में डूबे नमो घाट का दृश्य।

---

महंगाई को लेकर सरकार को घेरा

## 10 साल में मोदी सरकार ने लूटे 35 लाख करोड़..

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिन पूरे होने पर विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने जमकर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर भारी टैक्स लगाकर लोगों से भारी लूट की है। कच्चे तेल की कीमतें 32.5 फीसदी तक कम हुई हैं, लेकिन भाजपा की ईंधन लूट जारी है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई हैरानी नहीं है कि 10 सालों और 100 दिनों में मोदी सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर टैक्स लगाकर लोगों से 35 लाख करोड़ रुपए लूट लिए हैं। खडगे ने कहा कि 16 मई, 2014 को कच्चे तेल की कीमत 107.49 डालर प्रति बैरल थी। इस दौरान दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 71.51 रुपए और डीजल की कीमत 57.28 रुपए थी। वहीं 16 सितंबर, 2024 को कच्चे तेल की कीमत 72.48 डालर है। लेकिन पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपए और डीजल की कीमत 87.62 रुपए है।

---

भारत ने जारी रखी ओलंपिक की लय

# 5बार भारत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब अपने नाम किया

हुलुनबुइर/ एजेंसी

टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय हॉकी टीम ने मंगलवार को मेजबान चीन को कड़े मुकाबले में 1 . 0 से हराकर पांचवीं बार एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीता . पहले तीन क्वार्टर तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी . आखिर में डिफेंडर जुगराज सिंह ने फील्ड गोल करके टीम को जीत दिलाई हरमनप्रीत सिंह की टीम के लिये यह मुकाबला कतई आसान नहीं था . पहले तीन क्वार्टर में चीनी डिफेंडरों ने भारत को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया . पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के लिये 51वें मिनट में जुगराज ने गोल किया . चीन दूसरी बार ही किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का फाइनल खेल रहा था . इससे पहले उसने एशियाई खेल 2006 फाइनल खेला था जिसमें उसने कोरिया ने 3 . 1 से हराया था .इससे पहले पाकिस्तान ने कोरिया को 5 . 2 से हराकर छह टीमों के टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया . इसके साथ ही भारत टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे कामयाब टीम हो गई है जिसने पांच बार खिताब जीता . इससे पहले 2016 और 2018 में लगातार खिताब जीते थे . हॉकी इंडिया ने इस जीत पर हर खिलाड़ी को तीन लाख रूपये और सहयोगी स्टाफ को डेढ लाख रूपये नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया है . खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में




उतरी भारतीय टीम ने पहले लीग मैच में चीन को 3 . 0 से हराया था लेकिन फाइनल मुकाबला काफी कठिन रहा . पहले दो क्वार्टर में भारत ने गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन चीन भी जवाबी हमले में पीछे नहीं था . राजकुमार पाल ने पहला हमला बोला जिसे चीन के गोलकीपर वांग वेइहाओ ने बचा लिया .राजकुमार ने दसवें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत सिंह गोल नहीं कर सके . दो मिनट बाद नीलाकांता शर्मा का शॉट वांग ने बचाया और अगले मिनट सुखजीत सिंह को गोल नहीं करने दिया . पहले क्वार्टर से कुछ सेकंड पहले भारत ने पेनल्टी कॉर्नर गंवाया लेकिन कृशन बहादुर पाठक गोल के सामने मुस्तैद थे . दूसरे क्वार्टर में भी कहानी यही रही जब गेंद पर नियंत्रण में भारत ने बाजी मारी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी . भारत को 27वें मिनट में सुखजीत ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत का शॉट गोलपोस्ट से टकरा गया . दूसरे हाफ में चीनी फारवर्ड पंक्ति ने लगातार हमले बोले और 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन भारतीय डिफेंस चौकस था .

C M Y K

राज्य की नई औद्योगिक नीति के तहत हरित अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए निवेशकों को मिलेगी हर संभव मदद

# छत्तीसगढ़ में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की अपार संभावनायें

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और ऊर्जा विभाग के सचिव पी. दयानंद की उपस्थिति में गुजरात में आयोजित ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर मीट-2024 के दौरान आयोजित ''ग्रीन हाइड्रोजन सीईओ राऊंड टेबल'' कॉन्फ्रेंस में निवेशकों को यह जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। हरित अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ में निवेश करने वाले निवेशकों को राज्य की नवीन औद्योगिक नीति 2024-29 के तहत हर संभव प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित सरकार द्वारा किया गया।




सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा इस अंतर्राष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट में छत्तीसगढ़ राज्य में अपरम्परागत ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। निवेशकों को छत्तीसगढ़ में भविष्य की महत्वपूर्ण बायोमास आधारित योजनायें जैसे-बायो-एथेनॉल, बायोजेट एविएशन फ्यूल, कम्प्रेस्ड बायोगैस तथा ग्रीन हाइड्रोजन आदि में निवेश के लिये निवेशकों को आमंत्रित किया गया।

निवेशकों को जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ राज्य के पूरे ग्रामीण परिदृश्य में बायोमास जैसे कि कृषि अपशिष्ट, डेयरी उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट, फल एवं सब्जी बाजारों के अपशिष्ट, गोबर की बहुतायत है, जिसका उपयुक्त तकनीक से प्रसंस्करण कर वृहद पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की अपार संभावनायें हैं। यह प्रयास सफल होने पर राज्य में संचालित वृहद स्टील उद्योगों, खादय प्रसंस्करण इकाईयों, फर्टीलाईजर इकाई में ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग इन्डस्ट्रीयल एप्लीकेशन के रूप में किया जाएगा। इस तरह राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन वर्ष 2030 के लक्ष्य 05 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन की दिशा में छत्तीसगढ़ का अहम् योगदान निश्चित होगा तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी। सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी निवशकों को आश्वस्त किया कि राज्य की नवीन औद्योगिक नीति 2024-29 में हरित अर्थव्यवस्था के निर्माण हेतु निवेशकों को यथासंभव प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही राज्य में रोजगार के नवीन अवसर भी सृजित होंगे।

## धूमधाम से मनाया गया वासुपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव



### दशलक्षण पर्युषण महापर्व का समापन, अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस मनाया



**रायपुर।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ) मालवीय रोड में पर्युषण पर्व के दसवें दिन 17 सितंबर को भाद्रपद शुक्ल अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जिनालय की पार्श्वनाथ बेदी के समक्ष उत्तम ब्रम्हचर्य धर्म की आराधना कर जैन धर्म के 12 वे तीर्थंकर वासुपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूम धाम धार्मिक वातावरण में मनाया गया। मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया की आज जैन धर्म के सबसे बड़े पर्व दशलक्षण पर्युषण महापर्व का अंतिम 10 वा दिन है। जैन धर्म के 12 वे तीर्थंकर वासुपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस भी है। आज के दिन जैन धर्म में पर्युषण के अंतिम दिवस उत्तम ब्रम्हचर्य धर्म के रूप में आराधना कर मोक्ष कल्याणक महोत्सव के अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाता है। आज प्रात: मंदिर में सुबह 7 बजे से श्रद्धालुगण इकट्ठा होकर सर्वप्रथम 12 वे तीर्थंकर वासुपुज्य भगवान को रथ में विराजमान कर बैंड बाजे के साथ नाचते गाते, जयकारा लगा कर जुलूस के साथ नगर भ्रमण करवाया। श्रीजी विराजमान रथ को जैन समाज के धर्म प्रेमी बंधुओ ने स्वयं अपने हाथो से खींचा। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष बच्चे शामिल हुए। साथ ही 10 उपवास करने वाले व्रतियो को सम्मान के शाही बग्घी में जुलूस के साथ ले जाया गया। आज जिनालय की पार्श्वनाथ बेदी में पद्मप्रभु भगवान को पंडुक्शिला में विराजमान कर रजत कलशों के माध्यम जलअभिषेक कर रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता लघु शांतिधारा की गई। आज की शांति धारा करने का सौभाग्य 10 उपवास करने वाले श्रेयश जैन बालू को प्राप्त हुआ। उपस्थित श्रावक श्राविकाओ ने अष्ट द्रव्यों से निर्मित अर्घ्य समर्पित कर आज समुच्चय पूजन, सोलहकारण पूजन,नंदीश्वर दीप पूजन,दशलक्षण पूजन किया। आज 12 वे तीर्थंकर वासुपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक के अवसर पर वासुपुज्य भगवान का पूजन कर निर्वाण कांड पढ़ कर निर्वाण लाडू एवं श्रीफल चढ़ाया गया।

## मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग की नई वेबसाइट श्रमेव जयते का शुभारंभ किया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में श्रम विभाग की वेबसाइट श्रमेव जयते को बटन दबाकर शुभारंभ किया। इस वेबसाइट के डिज़ाइन को बेहतर बनाने के साथ डैशबोर्ड भी बनाया गया है। यह द्वि-भाषायी रहेगा जिससे हिन्दी और इंग्लिश, दोनों भाषा में सामग्री उपलब्ध रहेगी। यह नई वेबसाइट मोबाइल फ्रेंडली भी रहेगी।

वेबसाइट में ई-टिकटिंग प्रणाली श्रमिकों के शिकायत निवारण प्रणाली को सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर आसान बनाया है। इसमें आई शिकायत का समाधान भी सात दिन में किया जाएगा ऐसा न होने पर मामला ऑनलाइन उच्च अधिकारियों तकचला जाएगा। सम्मेलन में 0771 3505050 हेल्पलाइन नंबर भी उपस्थित श्रमिकों के साथ साझा किया गया।

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ : राज्यपाल डेका

राज्यपाल ने रायगढ़ में विकास व अन्य गतिविधियों पर अधिकारियों की ली बैठक

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने रायगढ़ जिले के प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों से विकास एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में बैठक ली। उन्होंने कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का पूरा लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। राज्यपाल डेका ने जल संरक्षण एवं जल संचयन, पौधारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन, परंपरागत एवं जैविक खेती प्रोत्साहन, टी.बी उन्मूलन, सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। राज्यपाल ने जिले में टीबी उन्मूलन के लिए किए गए प्रयासों एवं प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने टीबी उन्मूलन के लिए बेहतर मॉनिटरिंग करने एवं इसके इलाज को लेकर लोगों को जागरूक करने बात कही। उन्होंने रेडक्रॉस के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही रेडक्रॉस के चुनाव कराने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने वृक्षारोपण को लेकर विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि पौधे लगाने के साथ ही उसे जीवित रखने को लेकर समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने पौधरोपण के लिए जल्दी विकसित होने वाली पौधों की प्रजातियों के चयन की बात कही। राज्यपाल ने परंपरागत कृषि एवं जैविक खेती प्रोत्साहन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जैविक कृषि को बढ़ावा देने किसानों को जागरूक और प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। जिले के सांस्कृतिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों के रखरखाव के संबंध में जानकारी ली तथा ऐसे महत्वपूर्ण स्थलों से जुड़ी जानकारियां डिजिटल रूप से भी संग्रहित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल डेका ने बैठक में कहा कि ड्रग्स एवम नशे के कारण युवा काफी प्रभावित हो रहे हैं इसके रोकथाम के लिए सभी आवश्यक उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी जानकारी ली। राज्यपाल डेका ने जनजातीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने एवं स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य आधारभूत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास करने कहा। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में सहकारी गतिविधि बढ़ाने के लिए भी कहा ताकि अंचल में रहने वाले लोगों को सशक्त बनाते हुए मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए पीएम जनमन योजना के माध्यम से विकास मूलक कार्यों को संचालित करने के निर्देश दिए।



## संक्षिप्त समाचार

### मोटोरोला ने लॉन्च किया motorola edge50 Neo

**रायपुर।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी, मोटोरोला ने आज motorola edge50 Neo को भारत में लॉन्च किया है। यह मोटोरोला के प्रीमियम द्गस्द्दद्ग स्मार्टफ़ोन लाइनअप में शामिल किया गया सबसे नया प्रोडक्ट है, जो स्लीक एवं मिनिमलिस्ट डिज़ाइन के साथ बेहद दमदार फीचर्स का बेजोड़ संगम है और रेडी फॉर एनीथिंग के टैगलाइन को साकार करता है। अधिकतम क्रिएटिविटी वाला यह डिवाइस सही मायने में बहु-उपयोगी है, और इसी वजह से यह स्टाइल के साथ-साथ परफॉर्मेंस की मांग करने वाले यूजर्स के लिए बिल्कुल सही स्मार्टफ़ोन बन गया है। edge50 Neo में MIL-810॥ मिलिट्री-ग्रेड ड्युरेबिलिटी और IP68 वॉटर रेजिस्टेंस जैसे कई बेमिसाल फीचर्स मौजूद हैं, जो इन सर्टिफिकेशन के साथ इसे भारत का सबसे हल्का स्मार्टफ़ोन बनाता है। इसे दूसरों से अलग बनाने वाली खूबियों में Son4-LYTIATM 700C सेंसर के साथ motoAI से संचालित 50MP कैमरा, बेहद खूबसूरत पैन्टोन क्यूरेटेड कलर्स के साथ स्लीक वीगन लेदर फिनिश, 6.4 का 120H5 LTPO pOLED फ्लैट डिस्प्ले, 5 साल तक ह्रस्र अपग्रेड की गारंटी, 68W TurboPo2er चार्जिंग और 15W वायरलेस चार्जिंग शामिल हैं। motorola edge50 Neo ने अपने MIL-STD-810H मिलिट्री-ग्रेड सर्टिफिकेशन के साथ स्मार्टफोन की ड्युरेबिलिटी के मामले में एक नई मिसाल कायम की है, और बेहद आकर्षक एवं खूबसूरत डिजाइन को मजबूती के साथ जोड़ा है। यह बेहद कठोर मिलिट्री ड्युरेबिलिटी टेस्ट पास करने वाला भारत का सबसे हल्का स्मार्टफोन है, और इस तरह यह स्मार्टफोन झटके, कंपन और 1.5 मीटर तक की ऊंचाई से गलती से नीचे गिर जाने जैसी परिस्थितियों का सामना कर सकता है, साथ ही इसमें Gorilla Glass की सुरक्षा भी दी गई है। यह उपकरण 60°C तक की भीषण गर्मी से लेकर -30°C तक की जमा देने वाली ठंड तक के चरम तापमान को झेल सकता है, साथ ही 95% तक की बहुत ज्यादा ह्यूमिडिटी और अधिक ऊंचाई एवं कम दबाव वाले माहौल में भी अपना परफॉर्मेंस बरकरार रखता है। IP68 रेटिंग के साथ यह स्मार्टफोन धूल और रेत का सामना करने के अलावा 30 मिनट तक 1.5 मीटर गहरे ताजे पानी में डूबा रह सकता है, और इसी वजह से यह ज़िंदगी में आने वाली किसी भी चुनौती के लिए तैयार है।

### वेस्टर्न डिजिटल ने सीसीटीवी-ऑप्टिमाईज़्ड स्टोरेज समाधान पेश किए

**रायपुर।** सीसीटीवी कैमरों का उपयोग भारत में बढ़ रहा है। आज ट्रैफिक सिग्नल से लेकर शॉपिंग सेंटर, स्कूल और आवासों तक हर जगह इनका उपयोग हो रहा है, इसलिए इनके लिए एक पर्याप्त स्टोरेज समाधान होना भी आवश्यक है। स्टोरेज की सभी ड्राईव्स एक समान नहीं बनाई जाती हैं, और निगरानी विशेष के लिए डिज़ाईन की गई ड्राईव से सीसीटीवी सिस्टम की परफॉर्मेंस एवं विश्वसनीयता में काफी सुधार आ सकता है। डब्लूडी पर्पल प्रो ड्राईव 22टीबी तक की क्षमता में उपलब्ध हैं। इन्हें 24/7 वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए बनाया गया है और ये हर साल 550टीबी तक की सपोर्ट प्रदान करती हैं। ये ड्राईव बहुत टिकाऊ और भरोसेमंद हैं, जो खराब से खराब परिस्थितियों में भी बड़े वॉल्यूम के वीडियो डेटा को लगातार रिकॉर्ड करने और स्टोर करने के लिए बहुत आवश्यक है। इनके कम पॉवर प्रोफाईल के कारण पॉवर कंज़ंप्शन और हीट जनरेशन कम होता है, जिससे इनका संचालन सुगमता से होता है, और डेटा के नुकसान या सिस्टम फेल होने का जोखिम भी सबसे कम होता है। ऑलफ्रेम एआई टेक्नोलॉजी के साथ ये ड्राईव एटीए स्ट्रीमिंग बढ़ा देती हैं, फ्रेम लॉस को कम करती हैं, और डीप लर्निंग एनालिटिक्स के लिए 32 तक एआई स्ट्रीम्स को सपोर्ट करती हैं। इन ड्राईव्स के साथ डब्लूडी पर्पल एससी क्यूडी101 अल्ट्रा एंड्योरेंस माईक्रोएसडी कार्ड 1 टीबी तक का ऑन-कैमरा स्टोरेज प्रदान करता है। ये माईक्रोएसडी कार्ड निगरानी प्रणाली की चुनौतियों के लिए बनी हैं, और मजबूती, परफॉर्मेंस, एवं विश्वसनीयता प्रदान करती हैं, जो हमेशा ऑन रहने वाले वातावरण के लिए बहुत आवश्यक है। ये उन जगहों पर भी भरोसेमंद ऑपरेशन सुनिश्चित करती हैं, जहाँ कैमरा को पहुँचाया जाना बहुत मुश्किल होता है। वेस्टर्न डिजिटल में सीनियर डायरेक्टर, सेल्स, इंडिया, खालिद वानी ने कहा, ''वेस्टर्न डिजिटल का डब्लूडी पर्पल पोर्टफोलियो खास सीसीटीवी सेटअप्स की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाईन किया गया है।'' उन्होंने कहा, ''22 टीबी तक की क्षमता वाली डब्लूडी पर्पल प्रो स्मार्ट वीडियो एचडीडी 24/7 विश्वसनीयता के लिए बनाई गई हैं, जबकि हमारे डब्लूडी पर्पल माईक्रोएसडी कार्ड काफी टिकाऊ हैं। ये समाधान सुगम वीडियो प्लेबैक सुनिश्चित करते हैं और एडवांस्ड एनालिटिक्स को सपोर्ट करते हैं, जिसके कारण ये निगरानी प्रणाली के लिए उत्तम हैं।''

अपने जन्मदिन पर पीएम मोदी ने 2044 करोड़ की राशि का किया ऑनलाईन अंतरण

# छत्तीसगढ़ के 5 लाख परिवारों के आवास का सपना हुआ पूरा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने जन्म दिन पर छत्तीसगढ़ के 5 लाख 11 हजार से अधिक आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त 2044 करोड़ रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रान्सफर की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य मंत्रीगण की मौजूदगी में मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम राजधानी स्थित रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने आवास निर्माण के लिए चयनित हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि अंतरित करते हुए हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि समाज के गरीब और कमजोर तबके के लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही उनकी सरकार का लक्ष्य रहा है। 10 सालों में हमने इस लक्ष्य को हासिल करने में शानदार सफलता अर्जित की हैं। इस मौके पर 23 हजार से अधिक शहरी परिवारों को उनके निर्मित आवासों की चाबी, आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र, द्वार तोरण, पूजा सामग्री प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए दोहरी खुशी लेकर आया है। एक ओर प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन और दूसरी ओर प्रदेश के लाखों लोगों के आवास का सपने साकार हो रहा हैं। इसके लिए हम प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। लाभार्थियों का हमने पांव धोकर स्वागत किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान आम आदमी की सबसे बुनियादी आवश्यकताएं हैं, लेकिन आज़ादी के कई दशक बाद भी देश के करोड़ों नागरिकों के पास स्वयं का मकान नहीं हैं। आवासहीन परिवारों के मकान के सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पूरा किया जा रहा है।




मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पूरे देश में 32 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, उनमें से लगभग 30 फीसदी आवास छत्तीसगढ़ को मिला हैं। यह राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री बनने के बाद हमने सबसे पहला काम 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति दी थी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख 11 हज़ार हितग्राहियों के खाते में पहली किश्त का अंतरण किया गया है।

**शिकायत मिली तो कलेक्टर के ऊपर होगी कार्रवाई: विष्णु देव साय** - मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इसमें किसी भी तरह की कोताही और गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीएम आवास योजना में एक रुपए की भी गड़बड़ी की शिकायत मिली तो सीधे कलेक्टर के ऊपर कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया गया। उन्होंने लोगों से स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखने के साथ ही अपने घर एवं आस-पास के परिवेश सहित स्कूलों, अस्पतालों एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी आदत में शामिल करना होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के इतिहास को लिखने का दिन है। छत्तीसगढ़ के आवासहीन लोगों के जीवन में एक नई रोशनी मिलेगी। हमने जो वादा किया था, उसे आज पूरा किया है। यह सामाजिक न्याय और समरसता की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने 4 करोड़ आवास बनाकर गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। इसके साथ ही मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में 3 करोड़ नए आवासों की स्वीकृति दी गई है जिससे यह योजना और अधिक प्रभावी हो रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। सरकार बनते ही हर महीने 25 हजार नए आवास बनकर तैयार हो रहे हैं। एक लाख 96 हजार आवास बनकर तैयार हो गए हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 24 हजार आवास भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से अब तक छत्तीसगढ़ को 8 लाख 47 हजार आवास आवंटित किए गए हैं, जबकि 47 हजार आवास मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों के लिए एक बड़ा उपहार है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। गांव-गांव में जिन लोगों के नाम सर्वे सूची में नहीं आए हैं उनके नाम भी अब सूची में जोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर आधारित तकनीकी मार्गदर्शिका का विमोचन और गृह पोर्टल का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह पोर्टल आवास योजना को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगा और हितग्राही बिना किसी कठिनाई के अपने घर का निर्माण कार्य कर सकेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, पद्मश्री अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू और गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित थे।

# छग डिग्री इंजीनियर्स एसोसिएशन ने बिलासपुर में धूमधाम से मनाया अभियंता दिवस समारोह






**जांजगीर चांपा ।** भारत रत्न सर मोक्ष गुण्डम विश्वेश्वरैया के 163 पुण्यतिथि पर छग डिग्री इंजीनियर्स एसोसिएशन के द्वारा राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर के मोटेल जेड सिटी में किया गया,उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल विधायक बिलासपुर उपस्थित रहे एवम अपने अंदाज में सभा को संबोधित भी किया। कार्यक्रम में सुशांत शुक्ला विधायक बेलतारा ने भी शिरकत की एवम अपने ओजपूर्ण अंदाज में भाषण भी दिया,तत्पश्चात इंजी. अटल श्रीवास्तव, विधायक कोटा ने भी इंजीनियर होने के नाते सभा में तकनीकी बातों का जिक्र किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल बी एस चावला सर,जल संसाधन विभाग के इंजी. जे.आर. भगत मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थय यांत्रिकी विभाग के इंजी. संजय सिंह मुख्य अभियंता उपस्थित रहें। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग से इंजी. के.के. पीपरी, प्रमुख अभियंता को उत्कृष्ट अभियंता एवार्ड से नवाजा गया। इंजी. जी.पी. पवार सेवानिवृत्त अभियंता को लाईफटाईम एचीवमेंट एवार्ड से नवाजा गया है। जल संसाधन विभाग से इंजी. के.एस. गुरूवर जी मुख्य अभियंता को उत्कृष्ट अभियंता एवार्ड एवम इंजी. ए.के. सोमावार, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता को लाईफटाईम एचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग से इंजी. संजय सिंह मुख्य अभियंता को उत्कृष्ट अभियंता एवार्ड एवं इंजी. ए.के. साहू सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता को लाइफटाईम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण से इंजी. सुनील नामदेव अधीक्षण अभियंता को उत्कृष्ट अभियंता एवार्ड से नवाजा गया एवं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग से इंजी. राजेश कुमार देवांगन जो सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता को लाईफटाईम एचीवमेंट एवार्ड से नवाजा गया है। इस अवसर पर संघ द्वारा सुगम सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया द्वष्ठ राष्ट्रकवि डा.बृजेश सिंह एवम संघ के प्रांतीय महासचिव इंजीनियर मनीष राठौर ने मनमोहक कवीतापाठ कर कार्यक्रम में शमा बांध दिया,तथा सभा द्वारा एक स्वर में इनकी प्रशंसा की गई। इंजी.संजीव सिंह, इंजि.स्वप्निता नामदेव, इंजी.आर के जोशी, द्वारा गीत प्रस्तुति एवम इंजीनियर आरएन निर्मलकर, इंजी.मनीष राठौर एवम छोटे बच्चों प्रज्ञा, श्रेया, श्रद्धा, शालिनी धीवर, ऋत्विक सिंह नामदेव, अनिका राठौर, सानवी मिश्रा द्वारा मनभावक नृत्य प्रस्तुति दी गई।

# सरायपाली सर्व उत्कल समाज द्वारा नुआखाई मिलन 22 सितंबर को



**पृथक छत्तीसगढ़/सरायपाली।** उत्कल समाज की कार्यक्रम जो 22सितम्बर को नयी मंडी प्रांगण मे आयोजित है उसके लिए क्षेत्र के कार्यकर्ताओ मे उत्साहपूर्ण वातावरण है जन जन तक कैसे आमंत्रण पहुचे इसके पिछले दो दिनो से कार्यकर्ता लगे हुए है रूद्रेश्वरी मंदिर की बैठक जो कि उत्तर पुर्व क्षेत्र है मे प्रोजेस्ट प्रधान, रविन्द्र कुमार, जय कुमार बारिक,हेमसागर विशाल,चन्द्रहास पंडा,मनोज दास,अनन्तराम बीसी,अनिल प्रधान, गणेश राम साहु, सुनील विशाल, डा नरेश प्रधान, सुनिल महापात्र, क्षमानिधि साहु, प्रकाश मिश्र, सुनील पाणिग्राही, सुधीर सामंतराय, ब्रजमोहन साहु, प्रेमलाल प्रधान, रूकमण साहु, पंकज साहु, संजय प्रधान, सोभित कुमार षंडगी,उत्तर प्रधान करूणा साहु, अश्विनी प्रधान, आनंद सिग बरिहा, उमाकांत मिश्रा, अमृत बगर्ती, जगदीश बगर्ती,भागीरथी साव, अमित प्रधान, किशोर साहु, राकेश साहु, रोहित साहु, हरिहर साहु, निलमणी प्रधान, विजय प्रधान, पप्पु यादव, गजपति साव, प्रेमराज साहु, ब्रजमोहन बारिक ने इस क्षेत्र पर लोगो आमंत्रित करने की जिम्मेदारी ली ।वही दक्षिण पश्चिम परिक्षेत्र मे आयोजित बैठक जो कि तोरेसिहा मे की गई, जिसमे गिरधारी साहु (गुरूदेव) जी को विशेष जिम्मेदारी दी गई इसमे कार्यक्रम मे तरूण भोई, पदमन प्रधान, सत्यप्रकाश साहु, किशोर रथ, हीरालाल साहु , विजय प्रधान, प्रेमलाल प्रधान, युवराज प्रधान, नेपाल बीसी, सुभाष प्रधान, देवेश बारिक, विजय बारिक, अजय दास, हीरा लाल प्रधान जी इस क्षेत्र मे आमंत्रण की जिम्मेदारी सौपी गई है ग्राम मे सभी समाज को एक ही कार्ड देकर उन समाज के लोगो को आमंत्रित किया गया है प्रथम बार आयोजित इस कार्यक्रम मे भजन गायिका वन्दिता नायक को भी आमंत्रित किया गया है जो अपने मधुर गायन से माताओ बहनो की पसंद बन चुकी है। इस कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र पंडा द्वारा किया गया।

# सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने छायाचित्र प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**पृथक छत्तीसगढ़ / महासमुंद।** सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर में 'विकसित भारतः मोदी जी की संकल्पना' विषय पर आधारित भव्य फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, श्री संजय शर्मा, श्री सतपाल सिंह पाली, श्री प्रदीप चंद्राकर, श्रीमती मोनिका साहू, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।



इस फोटो प्रदर्शनी का आयोजन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प और उनके जीवन की प्रेरणादायक यात्रा को प्रदर्शित करना था। प्रदर्शनी में श्री मोदी के बचपन, उनकी शिक्षा, देशभक्ति, तथा प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की झलक को सजीव चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि फोटो प्रदर्शनी में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जीवन की सार और देश के लिए किए गए उनके अभूतपूर्व योगदान की झलक दिखाई देती है। उन्होंने सभी छायाचित्रों का अवलोकन करते हुए गर्व महसूस की। इस अवसर पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन पत्रिका भेंट किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास की प्रथम किस्त जारी कर भाजपा ने वादा निभाया - प्रमोद सागर

**पृथक छत्तीसगढ़/सरायपाली –** सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से सरायपाली मण्डल महामंत्री प्रमोद कुमार सागर जी ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के सुअवसर पर मोर आवास, मोर अधिकार के तहत आवासहीन गरीब परिवारों को छत्तीसगढ़ के साढ़े 5 लाख हितग्राहियों को पीएम आवास की पहली किस्त जारी किया है जो कि छत्तीसगढ़ के आवासहीन परिवारों के लिए बहुत बड़ी खुश खबर है.

आगे सागर जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की जनता के संघर्ष एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा की सरकार बनाई है. हमारे वादे के अनुरूप 1 लाख 96 हजार आवास बनकर तैयार हो रहे हैं. हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव जी के



नेतृत्व वाली इस सरकार में प्रति माह 25 हजार आवास बनकर तैयार होने वाले हैं. आने वाले चार पांच महीनों में प्रति माह लगभग 1 लाख के दर से प्रधानमंत्री आवास बनेंगे.

मण्डल महामंत्री प्रमोद सागर जी ने कहा कि प्रदेश के लगभग साढ़े पांच लाख लोगों को आवास के लिए पहली किस्त दे दी गई है. सीधे बटन दबाकर आवास की राशि हस्तांतरित की गई. विशेष बात है कि आज मोदी जी के जन्मदिन के अवसर से ही आवास प्लस के नाम से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है. इस आवेदन के माध्यम से ग्रामीण अंचल में निवासरत आवास से वंचित अंतिम पंक्ति के लोग लाभान्वित होंगे,जो इस लोक जनकल्याणकारी योजना से छत्तीसगढ़ के लाखों पात्र गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास से वंचित थे. जिसे डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया, जिसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी एवं छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया ! साथ ही भारत वर्ष के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय किरण सिंह देव जी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दियें .... !

# त्रिपुरा रायफल के जवानों पर हमले के 4 फरार आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी में एक नाबालिग भी शामिल, वारदात में प्रयुक्त डंडा जब्त

**रायगढ़।** जिले के छाल एसईसीएल सब एरिया में शॉर्टकट रास्ते से खदान में गाड़ी घुसाने की बात को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा त्रिपुरा रायफल के जवानों पर हमला करने के एक मामले में फरार 4 आरोपियों को छाल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हिरासत में लिए गए आरोपितों में एक नाबालिग भी शामिल है। बीते 15 दिसंबर को छाल एसईसीएल इलाके में ग्रामीणों और त्रिपुरा रायफल के जवानों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस घटना में जवानों के साथ कुछ ग्रामीण भी घायल हुए थे। इस मामले में जवानों की ओर से की गई रिर्पोट पर पुलिस आईपीसी की धारा 147, 145, 186, 342, 332, 353, और धारा 447 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की पड़ताल कर रही



थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले में एक आरोपी रवि ठाकुर उम्र 34 साल साकिन बांधापाली को पिछले माह ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आरोपी रवि ने पुलिस को दिए बयान में अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात कबूल की थी। इस गंभीर मामले में पुलिस ने फरार 4 आरोपितों को हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया है।

# जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

**बिलासपुर।** जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितंबर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस अभियान में सभी से सहभागिता की अपील की है। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के थीम पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत रहंगी, जनपद पंचायत मस्तूरी में ग्राम पंचायत वेदपरसदा, जनपद पचायत कोटा में नवागावं सल्का तथा जनपद पचायत तखतपुर के ग्राम पंचायत छतौना के साथ समस्त ग्राम पंचायतों में इस अभियान की शुरूआत एक पेंड़ मॉ के नाम (वृक्षारोपण) एवं विभिन्न स्थानों पर श्रमदान का आयोजन किया गया। सल्का नवागांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई।

# चिरायु टीम दूरस्थ अंचल के बच्चों तक पहुंचा रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं





**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सार्थक प्रयास से गंभीर बीमारी के ईलाज के लिए बच्चों को तत्काल सहायता मिल रहा है। जिले में एक बार पुनः राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु की टीम ने जशपुर जिले के 10 साल की बबीता का रायपुर एम्स अस्पताल में सफल ऑपरेशन करवाया है । बबीता की मां जय कुमारी बाई और पिता झमेश राम ने बताया कि उनकी बेटी को जन्म से दिल में छेद था । बच्ची के माता-पिता ने मुख्यमंत्री बगिया कैम्प कार्यालय में आवेदन दिया था । मुख्यमंत्री ने तत्काल बबीता का ईलाज करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन और चिरायु टीम बच्ची का घर जाकर पालकों से सम्पर्क किया और ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई। चिरायु टीम के अमित भगत ने बताया बचपन से बबीता को दिल में छेद था सांस लेने और दौड़ने भागने में भी दिक्कत आती थी ।बबीता के पालकों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सार्थक प्रयास से उनकी बच्ची पूरी तरह से ठीक हो गई है । वर्तमान में कक्षा 6 वी में पढ़ाई कर रहीं हैं। स्कूल आने जाने में भी किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आ रही है। अपनी बच्ची को हंसता मुस्कुराता देखना अच्छा लगता है।

# निःशुल्क बुनाई मशीन देने का झांसा देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** प्रार्थिया चन्द्रकला निषाद द्वारा दिनाँक 14/09/24 को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ष्माँ अंगारमोती बुनकर सहकारी समिति का संचालक दिलीप देवांगन दिनाँक 27/01/2017 से 31/03/ 2022 के मध्य इसे तथा इसके साथ के अन्य 11 महिलाओ को अपने समिति में जोडकर बुनाई का प्रशिक्षण दिलाकर बुनाई करने की एक एक मशीन निःशुल्क शासन से प्रदान किये जाने का प्रलोभन देकर पंजाब नेशनल बैंक शाखा धमतरी में लाकर खाता खुलवाकर मशीनो को इन्हे देने के बाद उठाकर अपने पास रख लेना तथा पंजाब नेशनल बैंक शाखा धमतरी से इन्हे 15,000-15,000 रूपये ऋण अदा करने की नोटिस मिलने पर इनके साथ छल होने की जानकारी होने पर दिलीप देवांगन से सम्पर्क करने पर दिलीप देवांगन द्वारा लोन की राशि वह पटा देगा कहकर झूठा आश्वासन देकर कुल 1,80,000 रूपये की धोखाधड़ी दिलीप देवांगन द्वारा की गयी है की रिपोर्ट पर थाना सिटी



कोतवाली में अप.क्र. 350/24, धारा 420 भादवि0के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थिया के बैंक के वकील द्वारा भेजी गयी नोटिस, पासबुक जप्त कर प्रार्थिया एवं गवाहों का कथन लेकर आरोपी से उक्त महिलाओं से ले जाया गया बुनाई मशीन को जप्त किया गया है एवं आरोपी आज दिनाँक 15/09/24 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी का नाम दिलीप देवांगन पिता स्व0 लक्ष्मीनारायण देवांगन उम्र 55 वर्ष सा0 ग्राम अछोटा थाना अर्जुनी जिला धमतरी।

# जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से झारखंड के लोगों को भी लाभ

## लोदाम सीएचसी में 4 महीनों में 27 झारखंड निवासियों की हुई सामान्य प्रसव

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के हो रहे विस्तार का लाभ पड़ोसी राज्य झारखंड को भी मिल रहा है। जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 26 किलोमीटर दूर जशपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लोदाम झारखंड बॉर्डर के समीप है। यहां पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोदाम में झारखंड के आसपास के गावों के लोग अपना इलाज कराने आते हैं। इसके साथ ही



उनका आयुष्मान कार्ड भी यहां पर बन रहा है।

लोदाम सीएचसी की बीपीएम के अनुसार झारखंड के मांझा टोली सहित अन्य ग्राम पंचायतों के लोग यहां की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण इलाज के लिए आते हैं। पिछले 4 महीनों में यहां 27 झारखंड निवासियों की सामान्य प्रसव सफलतापूर्वक कराई गई है। इसके अलावा 10 से अधिक टाइफाइड के मरीजों की जांच और उपचार किया गया है। इसके अलावा अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी लोग यहां आते हैं। लोदाम सीएचसी में एक्सरे, ब्लड टेस्ट, सामान्य प्रसव, आयुष्मान कार्ड जैसी सेवाओं सहित अन्य बीमारियों के इलाज की भी सुविधा है।

## "गृह प्रवेश" कार्यक्रम आयोजित

**मनेन्द्रगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज 17 सितम्बर, 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों कां विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से 'गृह प्रवेश' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. छ0ग0 शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर के निर्देशानुसार भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 17 सितम्बर 2024 को . प्रधानमंत्री द्वारा भुवनेश्वर, उड़ीसा से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 04 लाख हितग्राहियों को विडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से 'ग्रह प्रवेश' कराया जायेगा। नगर पालिका परिषद महेंद्रगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्त । सिंह चौहान ने बताया कि उक्त कार्य म विमलश्री टॉकिज, मनेन्द्रगढ़ में दोपहर 12:00 बजे आयोजित किया गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी-नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ जिला-एमसीबी ने आमजनों से उपरोक्त आयोजन में आधिकारिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है.

# जेसीआई कोंडागांव स्टार ने धूमधाम से किया जेसीआई सप्ताह का आयोजन

## जेसीआई कोंडागांव स्टार ने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर मनाई जेसीआई दिवाली

**कोण्डागांव।** जेसीआई कोंडागांव स्टार द्वारा 9 से 15 सितंबर के बीच जेसीआई सप्ताह, जेसीआई दिवाली का आयोजन किया गया। जेसीआई प्रेसिडेंट डॉ नीता मिश्रा, सेक्रेटरी संयम गोलछा व जेसीआई सप्ताह कोऑर्डिनेटर पूनम पाणिग्रही के संयुक्त प्रयास से जेसीआई सप्ताह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जेसीआई इंडिया के मुंबई स्थित राष्ट्रीय कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार दिनवार विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए गए थे, जिनका जेसीआई कोंडागांव द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जेसीआई स्टार, जो की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त जेसीआई इंडिया की एक इकाई के रूप में कोंडागांव में वर्ष 2023 में प्रारंभ किया गया हैं, शुरुआत



से ही अपने कार्यों के द्वारा जिले में एक विशिष्ट स्थान बनाने में सक्षम रहा है। जेसीआई दिवाली अंतर्गत 9 सितंबर को जेसीआई सप्ताह का उद्घाटन ग्रैटिट्यूड डे के रूप में करते हुए आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञ होने एवं प्रतिवर्ष अपने हाथों से लिखा हुआ एक कृतज्ञता पत्र प्रेषित करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त जेसीआई कोंडागांव के सदस्यों ने समर्पण वृद्ध आश्रम डीएनके कॉलोनी में वृद्ध जनों के साथ खुशियों के पल नाम से एक कार्यक्रम आयोजित कर उनके साथ समय व्यतीत किया। इस दौरान उनकी जरूरत, उनकी इच्छाएं और उनके अनुभव सुनकर खुशियां बाटी गई। 10 सितंबर को इन्वेस्ट इन योरसेल्फ कार्यक्रम अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड स्थित स्कूल के बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए विशेष योगा सेशन एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु मेडिटेशन कराया गया। उन्हे प्रतिदिन अपनी सेहत का ध्यान रखने हेतु विशेष सुझाव दिए गए। इन्वेस्ट इन स्किल प्रोग्राम अंतर्गत प्रभावी संवाद एवं कम्युनिकेशन स्किल इंप्रूव करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया 11 सितंबर को पर्यावरण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत धरती को बचाने हेतु एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत विभिन्न कोंडागांव व नारायणपुर के विभिन्न स्थलों में वृक्षारोपण किए गए।

जल संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग

# भाजपा कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों को बना रहे हैं भाजपा सदस्य

**बेमेतरा।** भाजपा के कार्यकर्ता घर घर जाकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा का सदस्यता दिला रहे है। सदस्यता अभियान 2024 का महापर्व प्रारम्भ हो चुका है भारतीय जनता पार्टी पूरे देश मे संगठन की मजबूती के लिए पुनः प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्यता ग्रहण करने व नये सदस्य बनाने के लिए लक्ष्य भी तय कर दी है संगठन के दृष्टि से सभी पदाधिकारियों को सभी नेतागण सांसदों विधायकों मंत्रियों को साथ ही सभी मोर्चा प्रकोष्ठ को भी नये सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश नेतृत्व को 50 लाख से अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसी तरह प्रत्येक जिलाध्यक्षों का मण्डल अध्यक्षो का भी लक्ष्य तय किया गया है। बेमेतरा भाजपा जिला एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विकास तम्बोली ने भी अपने जिले के 2000 लक्ष्य के लिये स्वयं मोबाइल से 8800002024



डायल कर अपने 150 से अधिक ऑनलाइन व उसी तरह 100 के करीब ऑफ लाइन सदस्यता ग्रहण कराई है, जिसके लिए सभी मण्डलों में एनजीओ प्रकोष्ठ के सह संयोजक व प्रभारी सरस्वती साहू व कुलेश्वर साहू कार्य कफ रहे हैं और अपने दिए गये लक्ष्य को गाँव मे जाकर पूरा कर रहे हैं एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व वार्ड 8 के प्रभारी विकास तंबोली ने स्वयं घर घर जाकर लोगों को भाजपा का सदस्यता दिलाई और देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प विकसित भारत उन्नत छत्तीसगढ़ एक समृद्ध शसक्त भारत मजबूत राष्ट्र राष्ट्रहित के लिए भाजपा का सदस्य बन कर मोदी को सहयोग और उनके द्वारा किये जा रहे ऐतिहासिक साहसिक निर्णय में अपना योगदान के लिए भाजपा से जुडने की अपील किये यह सदस्यता अभियान सतत चलता रहेगा। आगे जनता युवा नौजवान महिलाओं किसानो से कहा की भाजपा का सदस्यता बहुत ही आसान है ये तीन तरह से लिया जा सकता है। 8800002024 में मिस्ड कॉल करके या कियूआर कोड से ऑफलाइन से भी बन सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### इंसान की सफलता की पहली सीढ़ी शिक्षा है, ध्येय के साथ संचालित है आदिवासी बालक आश्रम



**पृथक छत्तीसगढ़/सक्ती।** इंसान के सफलता की पहली सीढ़ी शिक्षा है, इस ध्येय को आत्मसात कर नन्हें मुन्ने आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए सतत प्रयत्नशील अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम मसानिया खुर्द का बाह्य वातावरण पर्वत की वादियों से उन्मुक्त है तो वहीं हसदो बांगो नहर में बहती जलधारा शायद बच्चों को सिखाती है कि इस उन्मुक्त वादियों में शिक्षा की अविरल प्रवाह में स्नान कर पर्वतों की चोटियों की तरह सफलता की शिखर तक पहुंचना है, तो वहीं आश्रम के आंतरिक स्वरूप को देख अभिभूत होने से आपको कोई नही रोक सकता क्योंकि निजी अथवा नगरीय विद्यालयों से भी ऊपर हर चीज को वैज्ञानिक आधार पर बच्चों को समझाने की तमाम कोशिशें विद्यालय की कक्षाओं में साफनजर आता है, यह उद्गार किसी रचनाकार की कल्पना नहीं बल्कि विद्यालय में गणेश विसर्जन उत्सव में शामिल उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल की जुबानी कही गई मन की बात है । आज विद्यालय प्रधान पाठक शैल पांडे के आग्रह पर गणेश पूजन, हवन और विसर्जन पर अधिवक्ता पटेल मीडिया व मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग के सदस्यों के साथ विद्यालय पहुंचे चितरंजय पटेल के साथ आगंतुकों ने विद्यालय अधोसंरचना से लेकर आंतरिक गतिविधियों का विस्तार से अध्ययन व अवलोकन किया तथा भविष्य में भी इन नौनिहालों के बीच अपने जीवन के यादगार पलों को गुजारने का संकल्प लिया। विदित हो कि अधिवक्ता पटेल अपने जीवन के स्मरणीय पलों को अक्सर समाज के वंचितों के बीच गुजारने के लिए जाने जाते हैं चाहे दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों के बीच या फिर कैदियों के बीच अपना जन्म दिवस मनाते रहें हैं। आज इन पलों में आश्रम के बच्चों के बीच अविरत प्रवाहित चल, मंद मंद हवा के बीच गणेश विसर्जन पर्व का आनंद लेते हुए फिर संकल्प ले लिया कि अपने आने वाले स्मरणीय पलों को इन नौनिहालों को समर्पित करेंगे। इन पलों में विद्यालय परिवार के लोग, बच्चों के अभिभावक तथा मीडिया लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सबने हवन पूजन के पश्चात भोग प्रसाद ग्रहण किया।

### मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम का हुआ आयोजन जिले के 48 हजार 353 परिवारों के आवास का सपना होगा पूरा



**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आज जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बटन दबाकर जिले के 48 हजार 353 हितग्राहियों के खाते में ऑनलाईन राशि का आंतरित किया। इस अवसर पर विधायक जाजगीर-चांपा श्री ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री गुलाब सिंह चंदेल, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनानी चाहिए तथा अपने घर, मोहल्ले, गांव, शहर, जिला एवं राज्य को स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने की जिले के नागरिकों से अपील की। कलेक्टर ने कहा कि जिले के 48 हजार 353 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायत एवं जिला पंचायत के सूचना बोर्ड पर चस्पा किया गया है। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बटन दबाकर पहली किश्त जारी की है। ये राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में जाएगा। प्रधानमंत्री आवास के संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग किये जाने पर हितग्राही संबंधित अधिकारी अथवा कलेक्टर से सीधे शिकायत कर सकते हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रथम किश्त जारी होने पर सभी हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कार्यक्रम में श्री गुलाब सिंह चंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आवासहीनो को सर्वसुविधायुक्त मकान उपलब्ध करा रहें है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जिले को स्वच्छ बनाने के लिए सभी नागरिको की भागीदारी जरूरी है, जिससे हमारा जिला स्वस्थ जांजगीर-चांपा की तरह स्वच्छ जांजगीर-चांपा भी बने। इस अवसर पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति आदेश का टोकन प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख 11 हजार से अधिक आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त 2044 करोड़ रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रान्सफर की।

### सक्ती में नहीं थम रहा भू-माफियाओं का आतंक

# शमशान घाट की सरकारी जमीन को बेचकर भू-माफिया हो रहे मालामाल, प्रशासन बना मूकदर्शक

**पृथक छत्तीसगढ़/सक्ती**


सक्ती में भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे स्वयं को कानून समझने लगे हैं और कानून को अपने हाथ में लेकर किसी की भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने से नहीं चूक रहे हैं। ताजा मामला सक्ती के ग्राम सिपाहीमुड़ा से जुड़ा हुआ है। जहां ज़मीन ख़रीद बेच का बड़ा मामला का प्रकाश में आया है। सरकारी तंत्र की मिलीभगत से कारोबारी सरकारी जमीन को करोड़ों में बेच रहे हैं। दरअसल, पूरा मामला सक्ती जिले के ग्राम सिपाहीमुड़ा में स्थित शासकीय भूमि मद छोटे झाड़ का जंगल घास की श्मशान घाट की जमीन का है शिकायतकर्ता के अनुसार पुर्व में छोटे झाड़ के जंगल घास की श्मशान घाट भविष्य के लिए सुरक्षित भूमि जिसका खसरा नं. 2 रकबा 1.12 एकड़ भूमि मिसल बन्दोबस्त वर्ष 1929-30 ई. एवं निस्तार पत्रक अनुसार चराई के लिए मुकर्रर किया गया था उक्त भूमि खसरा नं. 2 रकबा 1.12 एकड़ भूमि को तत्कालीन तहसीलदार एवं हल्का पटवारी द्वारा सांठ-गांठ कर राजस्व रिकार्ड में हेर-फेर कर खसरा नं.-2 का बटांकन कर खसरा नं. 2/1 रकबा 1.00




एकड़ छोटे झाड़ का जंगल घास मद छ.ग. शासन में दर्ज कर खसरा नं 2/2 रकबा 0.12 एकड़ ना.बा. विष्णु पिता आलास कुमारी पति-फिरतू हरिशंकर पिता-फिरतू कंवर के नाम पर दर्ज कर तीन अलग-अलग आदिवासी क्रेताओं को विक्रय कर नामांतरण कर भूमि स्वामी मद में दर्ज कर तत्कालीन तहसीलदार एवं हल्का पटवारी द्वारा मोटी रकम लेकर तीन अलग-अलग क्रेताओं के नाम किसान किताब एवं राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर दिया गया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि उक्त भूमि अगर शासकीय मद में दर्ज था मिसल में तो कब उसका पट्टा प्रदान किया गया है और कब उक्त भूमि के विक्रय की अनुमति सक्षम अधिकारी से ली गई है या नहीं। आवेदक की उपस्थिति में जांच कराकर दोषी अधिकारी कर्मचारी पटवारी पर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

**सुलगते सवाल, जवाब देगा कौन..?**

सवाल उठता है कि सरकारी ज़मीन पर वे लोग मालिक कैसे बने ये बड़ा सवाल है। इस बात को लेकर शिकायतकर्ता ने डीएम सक्ती को आवेदन देकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। आवेदक का दावा है कि भूमाफिया एवं सरकारी कर्मचारी के गठजोड़ से सरकारी ज़मीन को कब्जा करने का खेल खेला गया है। सूत्रों की माने तो सरकारी ज़मीन कब्जा कर खरीद फरोक्त की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच हुई तो राजस्व विभाग के कई आला अधिकारी व बड़े नामचीन कारोबारी भी जांच के जद में आ सकते है। वहीं भू माफियों पर कड़ी कार्रवाई नही होने से सक्ती जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्राम पंचायतों में भू माफियों का आतंक बढ़ता जा रहा है, वहीं कार्रवाई के नाम पर आला अधिकारी मौन बैठे नजर आ रहे है।



प्रति,

श्रीमान कलेक्टर महोदय,
सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

विषयः- कुट रचना कर श्मशान घाट की भूमि को खरीदी बिक्री करने के संबंध में।

महोदय,

विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम सिपाहीमुड़ा प.ह.नं. 22 रा.नि.मं.-पोरथा तहसील-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) में स्थित शासकीय भूमि मद छोटे झाड़ का जंगल घास श्मशान भविष्य के लिए सुरक्षित भूमि खसरा नं. 2 रकबा 1.12 एकड़ भूमि मिसल बन्दोबस्त वर्ष 1929-30 ई. एवं निस्तार पत्रक अनुसार चराई के लिए मुकर्रर किये गये भूमि खसरा नं. 2 रकबा 1.12 एकड़ भूमि को तत्कालीन तहसीलदार एवं हल्का पटवारी द्वारा सांठ-गांठ कर राजस्व रिकार्ड में हेर-फेर कर खसरा नं.-2 का बटांकन कर खसरा नं. 2/1 रकबा 1.00 एकड़ छोटे झाड़ का जंगल घास मद छ.ग. शासन में दर्ज कर खसरा नं 2/2 रकबा 0.12 एकड़ ना.बा. विष्णु पिता-आलास कुमारी पति-फिरतू हरिशंकर पिता-फिरतू कंवर के नाम पर दर्ज कर तीन अलग-अलग आदिवासी क्रेताओं को विक्रय कर नामांतरण कर भूमि स्वामी मद में दर्ज कर तत्कालीन तहसीलदार एवं हल्का पटवारी द्वारा मोटी रकम लेकर तीन अलग-अलग क्रेताओं के नाम किसान किताब एवं राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर दिया गया है। उक्त भूमि अगर शासकीय मद में दर्ज था मिसल में तो कब उसका पट्टा प्रदान किया गया है और कब उक्त भूमि के विक्रय की अनुमति सक्षम अधिकारी से ली गई है या नहीं आवेदक की उपस्थिति में जांच कराकर दोषी अधिकारी कर्मचारी पटवारी पर कार्यवाही करने की कृपा करें।

## कलेक्टर एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियो ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना.......

**पृथक छत्तीसगढ़/सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने आज कलेक्टर कार्यालय परिसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का शुभारम्भ किया। जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। हमे अपने घर के समान ही आसपास एवं कार्यालयों में साफ सफाई रखना चाहिए। जन-जागरूकता से ही जिला और देश स्वच्छ और सुंदर बन सकता है। इसके साथ ही उन्होंने सभी लोगों को आज विश्वकर्मा जयंती की भी




बधाई दी। स्वच्छ भारत मिशन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले के सभी जनपदों एवं ग्रामों में स्वच्छता रथ घूम घूम कर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं स्वच्छता संदेश, बैनर, पोस्टर, पांपलेट आदि से ग्रामवासियों एवं व्यक्तियों को स्वच्छता के लिए जागरुक किया जाएगा द्य इसके साथ ही 15 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में प्रतिदिन कार्यक्रमों, रैली , प्रदर्शनी संगोष्टि सम्मान के माध्यम से भी जनजागरूकता एवं अभिप्रेरणा लाने का प्रयास किया जायेगा द्य इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्व सहायता समूह ने दुकान लगा कर आत्म निर्भरता की दिखाई झलक-चितरंजय पटेल

**पृथक छत्तीसगढ़/सक्ती।** नरेंद्र मोदी की हीरक जयंती पर स्थानीय जिला कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री के जीवनी और राष्ट्र सेवा में उनके योगदान को दर्शाती हुई चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है जिससे आम लोग उनके जीवन से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते, क्योंकि मोदी सरकार याने सबके साथ सबका विकास और बदलाव की बयार देश में बह रही है। आज राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग लीगल सेल के प्रदेश चितरंजय पटेल के साथ मानव अधिकार कार्यकर्ताओ ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए ग्राम विकास स्व सहायता समूह, नंदौर खुर्द की दुकान से आचार आदि खरीददारी करते हुए उनके बारे में जानकर नरीशक्तियों की



आत्म निर्भरता से प्रभावित हुए । आज इन पलों में अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वीं जन्म दिवस पर बधाई एवम शुभ कामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश में सर्वांगीण विकास की बयार बह रही है तथा मोदी के अनुयायी उनके जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रहे हैं यह सबके लिए खुशी की बात है। इन पलों में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग के जिलाध्यक्ष महेंद्र बरेठ, जिला महिला सेल अध्यक्ष कांता यादव, उपाध्यक्ष अनीता पटेल, भुनेश्वरी गबेल, जिला युवा सेल अध्यक्ष महेंद्र कर्ष, मीडिया सेल योम लहरे, उदय मधुकर आदि कार्यकर्ता की गरिमामय उपस्थिति रही।

## मोदी जी की संकल्पना थीम पर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शनी का हुआ आयोजन........

**पृथक छत्तीसगढ़/सक्ती।** 'विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना' थीम पर कलेक्ट्रेट परिसर में आज प्रदर्शनी लगाई गई। कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर पर आयोजित प्रदर्शनी में कलेक्टर, विभिन्न जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राए, मिडिया प्रतिनिधि सहित विभिन्न लोंगों ने उत्साहपूर्वक प्रदर्शनी का अवलोकन कियाद्य आज आयोजित प्रदर्शनी में स्कूल कॉलेज की छात्र-छात्राओ सहित अन्य विभिन्न वर्ग के लोंग बड़ी संख्या में प्रदर्शनी को देखने पहुंचे और फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक देखी। स्कूल कॉलेज की छात्र-छात्राओ ने प्रदर्शनी का



अवलोकन करके महत्वपूर्ण बातों को अपने नोट्स में भी लिखा द्य इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपने ने प्रदर्शनी देखने पहुंचे छात्र-छात्राओ से उनके स्कूल का नाम और कक्षा की जानकारी लेते हुए प्रदर्शनी में उन्होंने क्या देखा, क्या समझा की जानकारी ली द्य इसके साथ ही उन्होंने आये सभी बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए करियर गाइडेंस भी दिए द्य प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, मोदी 3.0, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जलक्रांति।

# आगामी चुनाव संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से निर्धारित समय पर करे पूर्ण- कलेक्टर अमृत विकास तोपनो.........

- प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्य पर सभी सीईओ करे फोकस ङ्क कलेक्टर
- विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से की गई समीक्षा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

**पृथक छत्तीसगढ़/सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आगामी चुनाव संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से तथा निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए द्य उन्होंने सभी सीईओ को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने के लिए फोकस करने कहा द्य कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिरायु कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य परिक्षण कार्य, विगत 9 माह में सिकल सेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान आरोग्य



मंदिर संचालन की स्थिति सहित अन्य प्रगतिरत कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत पोषण पुनर्वास केन्द्रों में बच्चों की संख्या सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य सभी कार्यों की समीक्षा की गई द्य बैठक में कलेक्टर द्वारा लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैद्य बैठक में कलेक्टर द्वारा पंचायत विभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य अंतर्गत पंजीयन, जियो टैगिंग, स्वीकृति की स्थिति, व्यक्तिगत, पारिवारिक शौचालयों की स्थिति, लखपति महिला पहल प्रगति, लक्ष्य के विरुध्द मानव दिवस सृजन की स्थिति, ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन की स्थिति सहित अन्य कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, डिजिटल सर्वेक्षण, डायवर्सन के प्रकरण, स्वामित्य योजना, नक्शा बटांकन की जानकारी, विवादित खाता विभाजन, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन के प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य, पीएम किसान सम्मान निधि की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुवे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक शेख मुबारक के लिए पूर्णिमा ट्रेडर्स, संस्कार पब्लिक स्कूल कैंपस बोंदाटिकरा रोड़, गढ़उमरिया रायगढ़ छत्तीसगढ़ से मुद्रित कराकर मु.पो.- हसौद, व्हाया- बिर्रा, तहसील- जैजैपुर, थाना-हसौद, जिला-सक्ती से प्रकाशित।
संपादक- शेख मुबारक पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदार। मो. 7697338503 प्रकाशित समाचारो से संबंधित वाद सक्ती न्यायालय के अंतर्गत ही मान्य होगा।